हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 जनवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरूआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाएं, 4 पहिया...



07 पूर्व विधायक के निवास पर प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेसी...



## खबर संक्षेप

### हरीश चंद सेन पंच तत्व में विलीन



**सागर।** पत्रकार बसंत सेन के भ्राता हरीश चंद सेन का 6 जनवरी की सुबह 4 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र नीरज और धीरज सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। अंतिम यात्रा निज निवास महर्षि दयानंद वार्ड से निकली गई। नरयावली नाका मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल शिविर आज

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा सूबेदार वार्ड के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से गोला कुआं के पास आयोजित किया गया है। नागरिकों से अनुरोध है कि शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं । महापौर ने जनचौपाल शिविर में उपायुक्त,सहायक आयुक्त सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी /कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### जिला स्तरीय समिति गठित

**सागर।** पीएम गति शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन के लिए सागर जिले में जिला स्तरीय योजना एवं मूल्यांकन समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में गठित इस समिति में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। समिति योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा, समन्वय एवं प्रगति का मूल्यांकन करेगी। नामांकित सदस्यों की सूची पृथक से जारी की जाएगी।

### वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 17 जनवरी तक

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा का आयोजन 31 जनवरी से 5 फरवरी तक किया जाएगा। इस यात्रा के लिए मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार कुल 279 तीर्थ यात्रियों को यात्रा पर भेजा जाना प्रस्तावित है। यात्रा हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी निर्धारित की गई है। आवेदन पत्रों में आधार कार्ड नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा तथा सभी आवेदन संबंधित कार्यालय में निर्धारित समय सीमा तक प्रस्तुत किए जाएंगे। पात्र यात्रियों का चयन दस्तावेजों एवं चिकित्सीय प्रमाण पत्रों के परीक्षण के उपरांत किया जाएगा।

### जनसुनवाई में हुई 217 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 217 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 217 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा।

संभागीय आयुक्त ने निगमायुक्त के साथ राजघाट बांध का निरीक्षण कर शहर में पेयजल सप्लाई का जायजा लिया

# नागरिकों को उपलब्ध होने वाले पेयजल के कम से कम 50 सेम्पल प्रतिदिन सागर शहर में चैक करें: संभागीय आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर शहर की जलप्रदाय व्यवस्था का संभागीय आयुक्त अनिल सुचारी (आईएएस) ने राजघाट बांध पहुंचकर जायजा लिया। सोमवार को उन्होंने निगमायुक्त राजकुमार खत्री के साथ राजघाट बांध पहुंचकर पेयजल सप्लाई हेतु एकत्र होने वाले रॉ वॉटर सहित इनटक वेल पंपहॉउस का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एमपीयूडीसी और नगर पालिक निगम के इंजीनियर्स व अधिकारीयों से राजघाट की जल संग्रहण क्षमता फ़ल्टिर प्रक्रिया आदि की जानकारियां विस्तार से लीं। 1800 हेक्टेयर डूब क्षेत्र वाले राजघाट में फूल टेंक होने पर 62 मिलियन घन मीटर पानी एकत्र होता है। राजघाट बांध पर बने जल शोधन संयंत्र से 70 मिलियन लीटर पेयजल प्रतिदिन सप्लाई किया जाता है। संभागीय आयुक्त सुचारी ने एलम डोजिंग टेंक, लाइम डोजिंग टेंक, क्लोरिनेशन चेम्बर, वॉटर टेस्टिंग लेबोरेटरी के साथ राजघाट के सम्पूर्ण जल शोधन संयन्त्र परिसर का निरीक्षण किया और पानी के फिंस्ट्रेशन के दौरान मिलाई जाने वाली एलम और लाइम आदि की प्रक्रिया देखी। उन्होंने टेस्टिंग लेब में उपकरणों सहित आवश्यक केमिकल्स की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए लेब असिस्टेंट से यहां किये जाने वाले समस्त टेस्टों की जानकारी ली।



संभागीय आयुक्त सुचारी ने निर्देशित करते हुए कहा की शासन की गाइड लाइन अनुसार पेयजल सप्लाई हेतु आवश्यक टेस्ट आवश्यक रूप से करायें। नागरिकों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने यहां राजघाट के रॉ-वॉटर की टर्बिडिटी की जानकारी सहित कुल 12 प्रकार के किये जा रहे टेस्टों की रिपोर्ट चैक की। उन्होंने शहर में पेयजल सप्लाई लाइनों के लीकेज सहित एन्ड यूजर यानि जलउपभोक्ता नागरिकों के घर पर पहुंचने वाले पानी की लगातार जाँच करने और बेहतर गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सोमवार को शहर में जांचे गए पानी के सेम्पलों की जानकारी ली और वर्तमान में प्रतिदिन कम से कम 50 जगहों पर पहुंचकर पानी की गुणवत्ता जाँचने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की शहर में जहाँ भी सीवर लाइन और पेयजल सप्लाई लाइन क्रॉस हो रही है या अधिक नजदीक है उन स्थलों की सघन जाँच करें कहीं भी सीबर लाइन पेयजल लाइन के ऊपर से नहीं गुजरना चाहिए। खुली नाली या नालों से गुजरने वाली पाईपलाइनों को क्रमशः हटाकर नाले से दूरी सुनिश्चित कर पेयजल की सुरक्षा व स्वच्छता सुनिश्चित करें, शहर में आवश्यकतानुसार सुरक्षित स्थल पर नई पाईप लाइन बिछाकर पुरानी सप्लाई लाइनों को बंद करें और पूरी तरह हटाएँ। उन्होंने कहा की राजघाट जल शोधन संयंत्र की लेब टेस्टिंग सहित अन्य प्रक्रियाओं के प्रशिक्षित अधिकारी कर्मचारी यहां अनिवार्य है उन्होने कहा की यहां फ़ल्टिर प्रक्रिया लगभग 24 घंटे चलती होगी। यहां कर्मचारियों की आवश्यकता अनुसार उपलब्धता और उनकी उपस्थिती नियमित और पर्याप्त समय तक होना चाहिए। उन्होंने अटेंडेंस रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेज चैक किये और राजघाट की मॉनिटरिंग लगातार करने के निर्देश दिए।



## मुख्यमंत्री के खुरई आगमन को लेकर पूर्व मंत्री सिंह के साथ कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित खुरई आगमन को लेकर पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के साथ कलेक्टर संदीप जी.आर. एवं पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर संदीप जी आर ने आज पुलिस अधीक्षक विकास सहवाल के साथ खुरई पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन के संबंध में सभी तैयारियां का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे उन्होंने निर्देश दिए की कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल, हेलीपैड पर भी सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिसमें पेयजल, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाएं समय के पूर्व की जाए। उन्होंने कहा कि हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मार्ग को आवागमन की दृष्टि से साथ रखें एवं कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी भी की जावे। पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने निर्देश दिए की कार्यक्रम स्थल पार्किंग हेलीपैड सहित मुख्यमंत्री के द्वारा सड़क मार्ग को सुचारू रूप से रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किया जावे जहां आवश्यकता हो तत्काल बेरिकेटिंग करें। कार्यक्रम स्थल एवं अन्य जगह अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा एवं आवश्यकता पड़ने पर ड्रोन के माध्यम से भी मॉनिटरिंग की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने स्थानीय स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाओं देखी। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियाँ समय पर, सुव्यवस्थित पूर्ण की जाएँ। साथ ही जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## तिल गणेश चतुर्थी पर गणेश मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, विधायक पं.भार्गव ने बांटा प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी पर मंगलवार को गढ़ाकोटा के पीपल घाट स्थित भगवान श्री गणेश के प्राचीन प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक एवं अष्टविनायक देवालय में भव्य माघ मेले का आयोजन हुआ। आयोजक एवं आमंत्रण कर्ता विधायक गोपाल भार्गव ने बताया कि 4 जनवरी द्वितीया से विशेष वैदिक अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ तथा 6 जनवरी चतुर्थी को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में भगवान श्री गणेश जी का दिव्य अभिषेक, सहस्त्रार्चन एवं महा-हवन सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से सवा तीन क्विंटल तिल के लड्डु एवं मोदक का भोग अर्पित कर श्रद्धालुजनों को महाप्रसाद, अभिमंत्रित रुद्राक्ष, एवं पटका वितरण किया ।मंदिर में माघ मेला का आयोजन किया गया। भगवान श्री गणेश-जी के दर्शन करने एवं तिल अर्पित करने मेले में बड़ी संख्या में भक्त उमड़े। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक पं. गोपाल भार्गव ने सपरिवार विधि विधान से भगवान गणेश का फूल, दूर्वा, मेवा, मोदक, तिल आदि द्रव्यों से हवन पूजन किया। विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की उपासना करते हुए दुख संकट, कष्ट, क्लेश आदि के निवारण के लिए प्रार्थना की गई। जीवन में सुख शांति समृद्धि रिद्धि -सिद्धि संपन्नता की वृद्धि के लिए भगवान गणेश जी की विशेष साधना और मंत्रों से अभिमंत्रित चित्र लॉकेट, मोदक, रुद्राक्ष, कैलेंडर व तिल के लड्डुओं का प्रसाद स्वरूप वितरण भक्तों को किया गया। इस दौरान विप्र बटुकों द्वारा मंत्रोच्चार किया गया। श्री गणेश संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाले सभी विप्र बटुकों द्वारा गणेश भगवान जी का विशेष श्रृंगार किया गया।



श्रद्धालुओं को तिलक कर मंत्रोच्चार के साथ कलाई पर रक्षा सूत्र भी बांधा गया। पं. भार्गव ने सपरिवार हवन पूजन कर लोगों की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की। मंदिर में अष्ट विनायक भगवान के दर्शन करने के लिए बुंदेलखंड सहित आसपास के श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## मतदाता सूची में छूटे हुए मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए की जा रही है सुनवाई

**सागर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के आदेशानुसार एसआईआर प्रक्रिया के तहत जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में छूटे हुए मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए एईआरओ द्वारा दावे एवं आपत्तियों पर सुनवाई की जा रही है।

## बण्डा में लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई पटवारी स्वाति जैन निलंबित

**सागर।** बण्डा तहसील अंतर्गत ग्राम हिण्डोरिया सहित कई ग्रामों में शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर पटवारी स्वाति जैन के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। तहसीलदार, बण्डा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार 02 जनवरी 2026 को ग्राम हिण्डोरिया में औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें किसान फॉर्मर आईडी निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पटवारी हल्का नंबर 24 के अंतर्गत ग्राम हिण्डोरिया में 15, ग्राम हीरापुर में 06, ग्राम भरतिया में 04, ग्राम सिंगदौनी में 11 तथा ग्राम पिपरियाघाट में 01 प्रधानमंत्री किसान योजना से संबंधित फॉर्मर आईडी लंबित थीं। सूची में यह भी स्पष्ट नहीं था कि किन किसानों की फॉर्मर आईडी बनाई जानी है। उल्लेखनीय है कि स्वाति जैन को कुल 1309 फॉर्मर आईडी बनाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध उन्होंने मात्र 262 फॉर्मर आईडी ही तैयार कीं। ग्रामवासियों ने शिकायत की कि पटवारी सप्ताह या 15 दिनों में केवल एक बार ही गांव आती हैं तथा उनका कार्य संतोषजनक नहीं है। साथ ही, सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का भी समय पर जवाब नहीं दिया जा रहा था। इसके अतिरिक्त, नायब तहसीलदार ज्योति वर्मा द्वारा 03 जनवरी 2026 को किए गए निरीक्षण में भी श्रीमती स्वाति जैन बिना किसी सूचना के ग्राम/हल्का क्षेत्र से अनुपस्थित पाई गईं।

अस्थमा और सीओपीडी के मरीजों को अब नहीं जाना होगा बाहर

# बीएमसी की बड़ी उपलब्धि: अब फेफड़ों की गंभीर बीमारियों की जांच होगी आसान, पीएफटी और एफओटी सुविधा शुरू

### ओपीडी कक्ष क्रमांक 12 में सोमवार से शनिवार तक मिलेगी सुविधा; अधिष्ठाता डॉ. पी. एस. ठाकुर ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ गया है। अब संभाग के मरीजों को फेफड़ों से जुड़ी जटिल बीमारियों की जांच के लिए निजी सेंटरों या बड़े शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सोमवार को बीएमसी के फिजियोलॉजी एवं रेस्पिरेटरी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट और फेफड़ों की विशेष जांच सुविधा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अत्याधुनिक सुविधा का लोकार्पण अधिष्ठाता डॉ. पी. एस. ठाकुर एवं अधीक्षक डॉ. राजेश जैन द्वारा किया गया।



अधिष्ठाता डॉ. ठाकुर ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए यह सुविधा प्रतिदिन (सोमवार से शनिवार) सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक ओपीडी कक्ष क्रमांक 12 में उपलब्ध रहेगी। पी एफ टी और एफ ओ टी जांच के माध्यम से कई बीमारियों का सटीक निदान संभव होगा मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि अस्थमा एवं सांस फूलने की समस्या क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज पल्मोनरी फाइब्रोसिस (फेफड़ों का कड़ा होना) श्वसन संबंधी अन्य गंभीर संक्रमण जैसी बीमारियों की जांच में सुविधा मिलेगी। यह पहल न केवल मरीजों के लिए वरदान है, बल्कि बीएमसी के पी.जी. छात्रों के लिए भी शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आधुनिक मशीनों की उपलब्धता से छात्रों को क्लीनिकल अनुभव मिलेगा और श्वसन रोगों से संबंधित रिसर्च कार्यों में सागर मेडिकल कॉलेज को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत अरजरिया, पल्मोनरी विभागाध्यक्ष डॉ. तल्हा साद सहित डॉ. अमरदीप राय, डॉ. अंजु झा, डॉ. रीमा गोस्वामी, डॉ. रमेश पाण्डेय, डॉ. सर्वेश जैन, डॉ सत्येंद्र उइके, डॉ. आशीष जैन, डॉ सत्येंद्र मिश्रा, डॉ प्रियांशु और दोनों विभागों के वरिष्ठ चिकित्सक, पी.जी. छात्र एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नवगठित नगर परिषद बरोदिया नौनगर के 15 वार्डों के नाम तथा चतुर्दिक सीमाओ की अधिसूचना का राजपत्र में प्रकाशन

**सागर।** खुरई विधानसभा क्षेत्र में नवगठित नगर परिषद बरोदिया नौनगर के 15 वार्डों के नाम परिसीमन के साथ चतुर्दिक सीमाओं सहित निर्धारण सहित राजपत्र में प्रकाशित कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने अपने नगरीय विकास मंत्री के कार्यकाल में बरोदिया नौनगर परिषद के गठन की स्वीकृति कराई थी। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नवगठित बरोदिया नौनगर में क्रमशः वार्ड क्रमांक 1 का नाम महाराणा प्रताप वार्ड, 2 स्वामी विवेकानंद वार्ड, 3 रानी दुर्गावती वार्ड, 4 सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, 5 श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, 6 आचार्य विद्यासागर वार्ड, 7 एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, 8 दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, 9 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड, 10 चंद्रशेखर आजाद, 11 संत रविदास वार्ड, 12 बिरसा मुंडा वार्ड, 13 डा भीमराव अम्बेडकर वार्ड, 14 आचार्य विनोबा भावे वार्ड तथा वार्ड क्रमांक 15 का नाम छत्रपति शिवाजी वार्ड होगा। इन सभी वार्डों की निर्धारित की गई सीमाओं को भी राजपत्र में प्रकाशित किया गया है। पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।



## सहायक आयुक्त एवं राजस्व अधिकारी बकाया वसूली में तेजी लाएं व तालाबंदी की कार्रवाई करें: निगमायुक्त

**सागर ।** नगर निगम क्षेत्र में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त नागरिकों की शिकायतों के समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण को सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भवन भूमि, लोककर्म, प्रकाश, जलप्रदाय, टाटा, सीवरप्रोजेक्ट, एमपीयूडीसी, स्वास्थ्य, जन्म-मृत्यु, पेंशन योजना, अति क्रमण, स्थापना एवं राजस्व सहित सभी विभागों के अधिकारियों एवं इंजीनियरों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से करें। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि अधिकारी स्वयं स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता से चर्चा कर उनकी समस्या का समाधान सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के उपरांत ही शिकायत को बंद कराया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से नागरिक सीधे अपनी समस्याएं शासन तक पहुंचाते हैं, अतः प्रत्येक शिकायत को गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ लिया जाना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने टाटा एवं सीवर प्रोजेक्ट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों के कारण नागरिकों की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे आमजन को असुविधा न हो। निगमायुक्त ने बैठक में सहायक आयुक्त तबस्सुम खान एवं राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को नगर निगम के जलकर, संपत्तिकर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने तथा बड़े बकायादारों के विरुद्ध तालाबंदी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त एस.एस. बघेल, सहायक आयुक्त तबस्सुम खान, लेखाधिकारी हर्ष केसरवानी, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, उपयंत्री दिनकर शर्मा, आसिमा तिर्की, आयुष शुक्ला, शईदउद्दीन कुरैशी, महादेव सोनी, जया श्रीवास्तव,सहित समस्त विभागीय अधिकारी तथा टाटा एवं सीवर प्रोजेक्ट के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पात्र युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने 9 व 10 जनवरी को शैक्षणिक संस्थानों में विशेष कैम्प

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत दिनांक 01.01.2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु जिले में विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे।यह विशेष कैम्प 09 एवं 10 जनवरी 2026 को जिले के हायर सेकेंडरी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में आयोजित होंगे। अभियान के सफल संचालन के लिए प्रत्येक शैक्षणिक संस्था में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। नियुक्त नोडल अधिकारियों की जानकारी संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला कार्यालय को भेजना अनिवार्य होगा।विशेष कैम्प के दौरान प्राप्त होने वाले फार्म-6 (घोषणा पत्र सहित) की जानकारी ऑनलाइन/ऑफलाइन संकलित कर निर्धारित प्रपत्र में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ सुपरवाइजर को प्रस्तुत की जाएगी। आयोग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित कर पालन प्रतिवेदन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल को भेजा जाएगा।

## निगम कर्मचारियों ने लंबित वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर जनसुनवाई में आवेदन दिए

**सागर।** नगर निगम कर्मचारियों की वेतन सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के नववें दिन सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मंगलवार को कार्यालय कलेक्टर पहुंचकर जनसुनवायी में आवेदन दिया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, सईद उद्दीन कुरैशी, आनंद मंगल गुरु एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने कहा कि आंदोलन के तहत सभी कर्मचारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण गतिविधियां की जा रही हैं। जिसके तहत मंगलवार को नगर निगम के सैकड़ों की तादाद में कर्मचारियों ने कार्यालय कलेक्टर पहुँचकर जनसुनवायी में आवेदन दिये गये। कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में लंबित वेतन देने सहित अन्य कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करना, एनपीएस एवं जीपीएफ की राशि समय पर संबंधित खातों में जमा करना, प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करना, कर्मचारियों का शीघ्र रिक्त पदों पर नियमितीकरण की कार्रवाई करने तथा लंबित एरियर्स का भुगतान, सेवानिवृत्त कर्मचारिय़ों की जमा राशि का भुगतान शामिल है। कर्मचारी संघ ने कहा है कि जब तक सभी मांगें पूर्ण नहीं होतीं, आंदोलन निरंतर जारी रहेगा एवं म.प्र.नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी एवं विभिन्न कर्मचारी संघों के नेतृत्व में 7 जनवरी दिन बुधवार को दोपहर 2 से कर्मचारी संघ की होगी बैठक जिसमें आगामी आंदोलन के संबंध में चर्चा की जायेगी। इस अवसर पर शईदउद्दीन कुरैशी, वर्षा समद, कुलदीप बाल्मीकि, विकास गुरू, बाबू मंछदर, हेमंत सारवान, सुरेन्द्र महावत, प्रकाश मिश्रा, धर्मेन्द्र बन्टू बोहरे, रिजवान खान, रज्जन करोसिया, श्री संयम चतुर्वेदी, जावेद खान, जयंती, रविशंकर श्रीवास्तव, अनिल दुबे, राजेश नापित, प्रकाश ताम्रकार, बृजेश तिवारी, सहित बड़ी संख्या में नगर निगम की सभी शाखाओं के कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भूसा रखने गई किशोरी ने लगाई फांसी

**ललितपुर।** मसौरा खुर्द गांव में सोमवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोरी ने भूसा रखने वाले कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी की पहचान शिवनारायण कुशवाहा की बेटी रक्षा कुशवाहा के रूप में हुई है। यह घटना सुबह लगभग 7.30 बजे हुई। पिता शिवनारायण कुशवाहा ने बताया कि वह सुबह अपनी बेटी के साथ जानवरों को चारा डालने गए थे। वहां बेटी ने उनसे घर जाने को कहा और इसके बाद भूसा रखने वाले कमरे में फांसी लगा ली। पिता जब दूध लेकर घर लौटे और काफी देर तक बेटी नहीं आई, तो उन्होंने जाकर देखा। रक्षा कुशवाहा भूसा घर में छत के कुंदे से रस्सी के सहारे लटकी मिलीं। पिता ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। किशोरी ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसका पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### घर के सामने पेशाब करने पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम डगराना में रहने वाली पानबाई पत्नी राजू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 26 दिसम्बर को सुबह करीब 8 बजे उसके 12 वर्षीय पुत्र खुमान ने गांव के गौरव पुत्र विनोद, विनोद पुत्र बूठा, रतू पुत्र ग्यासी, कुंवरबाई पत्नी रतू अहिरवार के बेड़ा के सामने पेशाब कर दी थी। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने उसके 16 वर्षीय दूसरे पुत्र नरेन्द्र कुमार को गालियां दीं और मना करने पर लातघूसों से मारपीट कर दी। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग आ गये, जिन्हें देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अनियंत्रित होकर ट्रक दुकान में घुसा

**ललितपुर।** तालबेहट में सोमवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रक सडक़ किनारे स्थित एक मेडिकल स्टोर और किराने की दुकान के टीन शेड में जा घुसा। इस घटना में लोग बाल-बाल बच गए। दुर्घटना का कारण ट्रक चालक को मिर्गी का दौरा पडऩा बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस और उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंचे। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11.15 बजे के दरम्यान हुई। तालबेहट से माताटीला की ओर जा रहा ट्रक तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के माताटीला मार्ग पर तहसील के निकट अनियंत्रित हो गया। ट्रक तहसील के सामने विधा मेडिकल कॉलेज और कमल जैन की किराने की दुकान के आगे लगे टीन शेड में घुस गया। ट्रक को अनियंत्रित होता देख वहां मौजूद लोगों ने दौडक़र अपनी जान बचाई। दुर्घटना के बाद जब चालक को ट्रक से नीचे उतारा गया, तो पता चला कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ा था। चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों ने सडक़ किनारे से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम झरावटा निवासी ज्ञानचंद्र जैन पुत्र मनोहर जैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 7 बजे गांव का कपिल पुत्र शिवचरन पटेल आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर कपिल ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। यह भी आरोप है कि कपिल ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर पर कपिल के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ई रिक्शा पलटने से युवक की मौत

**गंजबासौदा।** विगत दिनों जन्मदिन की पार्टी के बाद घर लौट रहे 18 वर्षीय युवक की ई-रिक्शा पलटने से मौत हो गई। हादसा तिरंगा चौक और सिरोंज चौराहा के बीच हुआ। मृतक राजकुमार अहिरवार रजौदा का रहने वाला था। वह दोस्तों गोलू, अजय और मनीष के साथ तिरंगा चौक पर जन्मदिन मनाकर ई-रिक्शा से लौट रहा था।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026, छात्रों को प्रशिक्षण दिया

# हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाएं, 4 पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करें





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद ललितपुर में 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 मनाया जा रहा है। सडक़ सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रथम सडक़ सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा विभाग के डीआईओएस ओमप्रकाश के नेतृत्व एवं निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में संपन्न कराया गया।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद के समस्त स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों के लिए था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी कालू सिंह थे। प्रशिक्षण मुख्य अतिथि एएसपी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आलोक तिवारी तथा टीएसआई साकिब हाशमी द्वारा दिया गया। इस दौरान एडिशनल एसपी ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों को बारीकी से समझाते हुए उन्हें हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशा करके गाड़ी न चलने, मोबाइल का प्रयोग गाड़ी चलाते हुए ना करने, ड्राइविंग लाइसेंस को बनवाने, सडक़ सुरक्षा संकेतों का पालन करने आदि के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त साइबर अपराध से बचने के तरीकों, मोबाइल की सेटिंग में ऑटो डाउनलोड बंद रखने तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं के लिए सुरक्षा मानकों को अपनाने की भी सलाह दी गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर आलोक तिवारी ने ट्रैफिक नियमों के बारे में स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षण दिया तथा उन्हें सडक़ सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी छात्रों से ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाने तथा गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करने के बारे में हिदायत देते हुए उन्हें किसी भी परिस्थिति में मोबाइल का प्रयोग गाड़ी चलाते हुए ना करने तथा नशा करके गाड़ी न चलाने के बारे में उचित सलाह दी गई।

### स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षित किया

ट्रैफिक इंस्पेक्टर साकिब हाशमी ने भी सभी स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षित किया तथा उनकी अवहेलना करने पर होने वाले चालान तथा जुर्माने के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम प्रभारी वर्णी जैन इंटर कॉलेज के एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट संजीव कुमार शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष स्काउट रमेश कुमार तिवारी थे। इसमें वर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर, नेहरू महाविद्यालय ललितपुर, दीपचंद चौधरी महाविद्यालय ललितपुर तथा पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय ललितपुर के एनसीसी छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर, राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट, राजकीय इंटर कॉलेज जखौरा, पी एन इंटर कॉलेज ललितपुर, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर आदि के स्काउट तथा गाइड छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बाहुबली जैन, अनिल राठौड़, बृजेश, विक्रम राजा, मनोज कुमार, लक्ष्मी सिंह, मीरा देवी तथा सभी विद्यालयों के शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यकम अधिकारी प्रभांशु नगाइच एवं सहायक कार्यकम अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया, तथा सड़क सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक सड़क सुरक्षा प्रभारी राजकुमार पटेल के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रभांशु नगाइच, सहायक राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव, सड़क सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक सड़क सुरक्षा प्रभारी राजकुमार पटेल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलितत किया।

### वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें

डॉ लतिका सुडेले ने कहा कि छात्र-छात्राएं वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, एवं नियंत्रित गति से वाहन चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि नाबालिग छात्र-छात्राएं वाहन का प्रयोग न करें। बालिग छात्र-छात्राएं भी लाइसेंस के साथ वाहन चलायें, एवं अपने परिवार और पडोस के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। जिससे बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि यातायात के नियमों का पूर्णतः पालन करें, क्योंकि जीवन बहुमूल्य है इससे खिलवाड़ न करें।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, डॉ साकेत कुमार, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, अमित, गोलू, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

# अधिकारियों ने पाली तहसील में सुनी फरियादियों की शिकायतें

## तहसीलों में आयोजित हुआ पहला संपूर्ण समाधान दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में वर्ष 2026 का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस सभी तहसीलों में आयोजित किया गया, जहां जिले के आला अधिकारियों ने दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर कुछ शिकायतों का निस्तारण भी कराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने तहसील पाली पहुंचकर वहां आये फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों ने निस्तारण भी कराया,साथ ही जो शिकायतें शेष बच गईं, उनके सम्बंध में विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन के उपरान्त निस्तारण कराने के निर्देश दिये। यह भी निर्देश दिये गए कि शिकायतकर्ताओं की समस्या का निस्तारण उनकी संतुष्टि के आधार पर कराया जाए। तहसील पाली में कुल 19 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 10, पुलिस के 2, पूर्ति के 2, विकास के 3 तथा वन विभागों के 2 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया।

### किस तहसील में कितनी शिकायतें मिली

तहसील ललितपुर में कुल 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 4, पुलिस विभाग के 2, विद्युत के 2 तथा अन्य विभागों के 9 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 3, पुलिस के 2, पूर्ति के 4 तथा अन्य विभाग का 1 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 23 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 13, पुलिस के 3, विकास के 2, विद्युत के 4 तथा अन्य विभाग का 1 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 2 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 3 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व का 1 तथा पुलिस के 2 प्रार्थना पत्र शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, उप जिलाधिकारी निशान्त तिवारी, तहसीलदार पाली, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बलरामपुर के पूर्व सांसद को हत्या के मामले में जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर को जमानत मिलने के बाद ललितपुर जेल से रिहा कर दिया गया है। वह तीन साल पांच महीने से जेल में बंद थे। उनकी रिहाई 3 जनवरी की सुबह हुई, जिसके लिए उनके परिजन जेल पहुंचे थे। रिजवान जहीर को बलरामपुर की नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व अध्यक्ष फिरोज पप्पू की जनवरी 2022 में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 11 जुलाई 2022 को बलरामपुर जेल से ललितपुर जेल स्थानांतरित किया गया था, तभी से वह यहीं बंद थे। जेल में रहने के दौरान नवंबर 2024 में उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। इसके अलावा, 31 मई 2025 को जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव के जेल निरीक्षण के दौरान मिलती पाई गई थीं। उनके पास पांच-पांच सौ रुपये की गड्डियां, ब्रांडेड कंपनी के शैंपू, साबुन, गद्दा और तकिया भी बरामद हुआ था। इस मामले के बाद डिप्टी जेलर जय नारायण भारती, हेड वार्डन वीरेंद्र शाह, राजेंद्र प्रसाद और जेल वार्डन रजनीश यादव को निलंबित कर दिया गया था। जेल अधीक्षक शिव मूरत सिंह ने पुष्टि की है कि पूर्व सांसद रिजवान जहीर को 3 जनवरी की सुबह जेल से रिहा कर दिया गया है।

# राम मंदिर के प्रणेता पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह को जन्म जयंती पर भावांजलि दी गई

## कार्यकर्ताओं ने उनके संस्मरण सुनाते हुए याद किया

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी प्रेरणा स्त्रोत एवं राम जन्मभूमि मंदिर के प्रणेता बाबू कल्याण सिंह जी की जन्म जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि, श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया ।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके विषयक संस्मरण सुना कर उन्हें भावांजलि अर्पित कीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे ने किया एवं संचालन जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड ने कहा कि बाबू कल्याण सिंह जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की यात्रा के समय के साक्षी रहे हैं। उन्होंने वह समय भी देखा जब जनसंघ की उत्तर प्रदेश में संविद सरकार बनी थी और वे स्वास्थ्य मंत्री रहे थे फिर वह समय भी देखा जब जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हो गया था। उन्नीस सौ अस्सी में पुरानी जनसंघ ने भारतीय जनता पार्टी के नाम से फिर यात्रा शुरू की ।उस समय भाजपा के उत्तर प्रदेश में मात्र सोलह विधायक थे । और फिर उनके ही नेतृत्व में उन्नीस सौ एकानबै उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी वनी । लेकिन राम जन्मभूमि के मुद्दे पर उन्होंने ढांचा गिर जाने दिया लेकिन कारसेवकों पर गोलियां चलाने से इनकार कर दिया भले ही उनकी सरकार सहित भारत में भाजपा की अन्य सरकारें बर्खास्त कर दी गयी।उनका राम मन्दिर का सपना आज पूरा हो चुका है।और साथ ही बाबू कल्याण सिंह जी की यश-कीर्ति सारे विश्व में फैल रही है ।आज जब भी हम लोग राममंदिर के दर्शन करने जाते हैं तो साथ ही बाबू की याद अनायास श्रद्धा से आ जाती हैं। अन्य कार्यकर्ताओं ने भी संस्मरण सुनाए। इपूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे,एस आई आर प्रमुख हरीराम निरंजन, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, सहकारी बैंक जिला अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, प्रांतीय परिषद सदस्य शशिशेखर पांडेय, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, किंजल्क हुड्डैत,चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा दीपक चौबे, मण्डल अध्यक्ष बृजेश कुमार राजपूत,दीपक पाराशर, सुनील मिश्रा मसौरा,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला,माधव पाठक बंट, अवतार सिंह लोधी एड,जगभान सिंह लोधी एड विश्वनाथ झा आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में शिविर आयोजित किया गया

# छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश के क्रम में रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय तथा नेहरू महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में अग्निकांड, भूकंप, आकाशीय बिजली, सर्पदंश, डूबना, बाढ़ इत्यादि आपदा के सम्बंध में प्रशिक्षण देते हुए एनसीसी, एनएसएस, स्काउट के बच्चों को जागरूक किया गया, साथ ही दोनों महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन समिति को जागरुक करते हुए समस्त रिकॉर्ड तैयार करने तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यवाही करने हेतु कार्य योजना का क्रियान्वयन करने हेतु कहा गया।

आपदा प्रबंधन में आरती सिंह आपदा विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न आपदाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि आपदा के समय मानवता बनाए रखना चाहिए, जिससे व्यक्ति विशेष की मदद करने में मानवता रखने पर हम आपदा प्रबंधन का बेहतर प्रबंध कर सकते हैं। साथ ही मदन गोपाल वर्मा फायर सेफ्टी ऑफिसर द्वारा अग्निकांड आपदा में किस तरह प्रबंध कर चलने पर अग्निकांड आपदा से बचाव किया जा सकता है, के बारे में बताया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ एवं दोनों विद्यालयों के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे, साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा बेहतर प्रबंधन की जानकारी दी गई।

### खेत में पानी लगा रहे किसान से मारपीट

**ललितपुर।** खेत में पानी लगाते समय गांव के दबंग व्यक्ति ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हमलावर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सौंरई के शान्तिनगर निवासी पवन अहिरवार पुत्र रामलाल ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी को शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत में खड़ी फसल में पानी लगा रहा था। तभी गांव के सुल्तान यादव पुत्र पिरकू यादव आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर सुल्तान ने डण्डा से मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित कर जान से मारने की धमकी दी।

## नेशनल फुटबॉल के लिए चयनित

# भारतीय वाल्मीकि कल्याण महासभा ने किया आदित्य नरया को सम्मानित



**ललितपुर।** भारतीय वाल्मीकि कल्याण महासभा ने जनपद के फुटबॉल खिलाड़ी आदित्य नरया सम्मान किया। आदित्य नरया का नेशनल फुटबाल के लिए चयन हुआ। फुटबॉल टीम में चयन से जनपद का नाम रोशन किया। जलंधर पंजाब खेलने जाते समय संस्था के पदाधिकारीओ ने आदित्य को सम्मान किया ओर आदित्य नरया जी के पिता सचिन नरया भी फुटबॉल के जाने माने खिलाड़ी रहे हैं सर्विस में रहकर आज भी फुटबाल क्या अच्छे खिलाड़ी हैं। वही चौधरी दीपक घावरी ने कहा की जनपद ललितपुर में सचिन नरया जी अम्बेडकर क्लब फुटबाल टीम में एक गोलकीपर के रूप में अंबेडकर स्टार क्लब को बहुत से मैचो में विजय हासिल दिलाए और आज भी जनपद ललितपुर का नाम रोशन कर रहे है उन्हीं के नक्शे कदम पर चलकर उनके बड़े पुत्र आदित्य नरया भी आज नेशनल खेलने के लिए जालंधर जा रहे है संस्था के सभी पदाधिकारीओ ने आदित्य के उज्जवल भविष्य की कामना कर समाज का नाम रोशन करने के लिए बधाइयां दी, स्वागत करते समय उपस्थित, दीपक घावरी, विक्रम चौहान, अशोक कप्तान, माथुरा प्रसाद बैचेन, अशोक करोसिया आदि मौजूद रहे।

## गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में आयोजित

# गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व धूमधाम व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। सुबह श्रीअखंड पाठ साहिब की समाप्ति सरदार अवतार सिंह द्वारा हुई। निशान साहब के चोले की सेवा सरदार रणवीर सिंह परमार, ओंकार सिंह सलूजा द्वारा हुई।

पटियाला से आए रागी जत्था इंद्रजीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन ब कथा करते हुए बतलाया की श्रीगुरु गोबिन्द सिंह ऐसे इतिहास पुरूष थे, जिन्होंनें ताउम्र अन्याय, अधर्म, अत्याचार और दमन के खिलाफ तलवार उठाई और लड़ाइयां लड़ी। गुरूजी की तीन पीढ़ियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया। अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे। वे एक महान दार्शनिक, प्रख्यात कवि, निडर एवं निर्भीक योद्धा, युद्ध कौशल, महान लेखक और संगीत के पारखी भी थे। गुरु गोबिंद सिंह ने एक खालसा वाणी वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह स्थापित की। साथ ही उन्होंने आदर्शात्मक जीवन जीने और स्वयं पर नियंत्रण के लिए खालसा के पांच मूल सिद्धांतों की भी स्थापना की। जिनमें केस, कंघा, कड़ा, कछ, किरपाण शामिल है। ये सिद्धान्त चरित्र निर्माण के मार्ग थे। गुरु गोबिंद सिंहजी ने अपने जीवन में आनंदपुर, भंगानी, नंदौन, गुलेर, निर्मोहगढ, बसोली, चमकोर, सरसा व मुक्तसर सहित 14 युद्ध किए। इन जंगों में मुगल सूबेदारों ने हर बार मुंह की खाई। सितम्बर 1708 में गुरु दक्षिण में नांदेड़ चले गए और बैरागी लक्ष्मण दास को अमृत छका और युद्ध कौशल से पारंगत कर बंदा सिंह बहादुर बनाया और उन्हें खालसा सेना का कमाण्डर बनाकर संघर्ष के लिए पंजाब भेज दिया। पंजाब पहुंच कर बन्दा सिंह बहादुर ने चप्पा चीड़ी की जंग जीती। अक्तूबर 1708 में महाराष्ट्र के नांदेड़ साहिब में गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपनी आखिरी सांस ली। इस प्रकार से पहले पिता गुरु तेग बहादुर सिंह, फिर चारों पुत्रों ने और बाद में श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने स्वयं बलिदान देकर धर्म की रक्षा की। स्वामी विवेकानंद जी ने गुरू गोबिंद सिंह जी को एक महान दार्शनिक, संत, आत्मबलिदानी, तपस्वी और स्वानुशासित बताकर उनकी बहादुरी की प्रशंसा की थी। स्वामी विवेकानंद ने कहा था मुगल काल में जब हिन्दु धर्मों के लोगों का उत्पीडन्न हो रहा था तब श्री गुरू गोबिंद ने अन्याय, अधर्म और अत्याचारों के खिलाफ और उत्पीड़ित जनता की भलाई के लिए बलिदान दिया था जो एक महान बलिदान है। इस प्रकार से गुरू गोबिंद सिंह जी महानों में महान थे। इस दौरान श्रीराम हनुमान जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, बब्बू राजा, महेश श्रीवास्तव, दीपक चौबे, धुरव राजा, सुरेंद्र राठौड़, आशुतोष चौहान, ओ.पी.रिछारिया, चंद्रशेखर राठौर, दीप सिंह सलूजा, परमजोत सिंह सलूजा, प्रगुण सिंह, प्रभजोत सिंह, विशाल सिंह, आशीष श्रीवास्तव, तय्यब खान, केदार सिंह, बलदेव सिंह, नगर कीर्तन शोभा यात्रा में विशेष सहयोग देने के लिए सरोपा व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। लंगर की सेवा ओंकार सिंह आकाश सलूजा, सरदार अवतार सिंह, वीरेंद्र सिंह बीके, स्वर्गीय नरेंद्र सिंह सागरी, दूध की सेवा हरकीरत सिंह, बलदेव सिंह, चरण जीत सिंह परिवार द्वारा हुई। इस दौरान ओंकार सिंह, हरविंदर सिंह, मनजीत सिंह सलूजा, परमजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, चरणजीत सिंह, रविंदर सिंह राणा, पत्रकार राजीव श्रीवास्तव, परसन सिंह, पलविंदर सिंह, मेजर सिंह, जसपाल सिंह, मनिंदर सिंह, जगजीत सिंह, दलजीत सिंह, सतनाम सिंह भाटिया आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस के प्रदर्शनों के बीच पुरानी गलतियों को सुधारने में लगा प्रशासन

# पूर्व विधायक के निवास पर प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेसी, पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विवादित बयान के बाद प्रदेश के साथ-साथ श्योपुर में भी कांग्रेसी सक्रिय हो गए हैं और वह प्रदर्शन कर नगरीय निकाय मंत्री के इस्तीफे की मांग विचित्र तरीके से कर रहे हैं। दरअसल युवा कांग्रेसी कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा मांगने वाला ज्ञापन प्रशासन को देने के बजाए भाजपा के स्थानीय नेता और पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय के घर पहुंचकर उन्हें देना चाह रहे हैं, इस दौरान पुलिस को आंदोलन कर रहे कांग्रेसियों को पूर्व विधायक विजय के घर में घुसने से रोकने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

बता दें कि एक समाचार चैनल के संवाददाता को इंदौर में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की हुई मौत पर प्रश्न करने पर केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने झुंझलाकर ऐसा बयान दिया कि वो चर्चाओं में आ गया। प्रदेश भर में कांग्रेसी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान को अश्लील बताकर उनका इस्तीफा मांगते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान श्योपुर जिला मुख्यालय पर पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय का निवास इन दिनों कांग्रेसियों के लिए प्रदर्शन का तीर्थ बन गया है। आए दिन कांग्रेसी उनके निवास सोना लॉज पर प्रदर्शन करने जा धमकते हैं। दो दिन पूर्व जहां विधायक बाबू जंडेल ने पूरी कांग्रेस के साथ मिलकर उनके घर के बाहर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया था और पूर्व विधायक को मंत्री विजयवर्गीय का इस्तीफा मांगने वाला ज्ञापन सौंपने पर अड़ गए थे वही मंगलवार को युवा कांग्रेस ने फिर पूर्व विधायक विजय के घर के बाहर दूषित पानी की बोतल लेकर प्रदर्शन किया और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की इस दौरान पुलिस ने आंदोलन कारियों को पूर्व विधायक विजय के घर के भीतर घुसने से रोका। उधर इन प्रदर्शनों के बीच हरकत में आया प्रशासन बरसों पुरानी अपनी गलतियों को सुधारने में जी जान से जुट गया है। जहां वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी वार्डों का भ्रमण कर दूषित पानी की आपूर्ति वाली संभावनाओं को खत्म कर रहे हैं वहीं नगरपालिका दशकों से बंद पड़ी टंकियों की सफाई करवाती दिखाई पड़ रही है।



#### पहली बार देखा टंकियों की सफाई होते, दशकों बाद डाली दवाई

इसे कांग्रेस के प्रदर्शन का असर कहें या फिर सरकार से मिले निर्देश की पालना कि जिन पेयजल आपूर्ति करने वाली टंकियों की वर्षों से किसी ने साफ सफाई होते नहीं देखा था। उनके भीतर उतरकर नगर पालिका कर्मचारी उन्हें ऐसे साफ कर रहे हैं जैसे कोई सड़कों को साफ करता है। साफ करने के साथ-साथ इन टंकियों में पानी को शुद्ध करने वाली दवाइयां भी डाली जा रही है। इस तरह की दवाई पूर्व में कभी डाली जाती थी लेकिन दशकों बाद अब यह दवाई डाली जाती दिखाई पड़ रही है। लोग नगरपालिका परिषद की इस कवायद को देखते हुए यह कहने से नहीं चूक रहे हैं कि सरकार यह कवायद नियमित चलेगी या कुछ दिन का दिखावा कर रुक जाएगी?

#### टंकियों में तो दवा डल जाएगी पर बोर का क्या होगा

टंकियों में पानी शुद्ध करने की दवा डाले जाने की बात पर लोग यह भी कह रहे हैं कि टंकियों में तो दवा डल जाएगी लेकिन जिन घरों में बोर के माध्यम से सीधा पानी नलों से प्रवाहित किया जा रहा है उस पानी को शुद्ध कैसे किया जाएगा। ज्ञात हो कि श्योपुर के सभी 23 वार्डों में 141 बोर से पानी सीधे नलों में सप्लाई किया जाता है जबकि बड़ौदा में 74 बोर के माध्यम से घरों में पेयजल आपूर्ति की जाती है विजयपुर नगर परिषद भी 22 बोर से घरों में पानी सप्लाई कर रही है ऐसी स्थिति में इस पानी में कोई केमिकल वगैरा नहीं डाला जा रहा है क्या जमीन से सीधा निकल पानी पीने योग्य शुद्ध मिनरल है?

#### इनका कहना...

जो भी टंकियां हैं सभी में सफाई शुरू कर दी गई है। पानी को शुद्ध करने के लिए केमिकल भी डाले जा रहे हैं। नालियों में लगे नलों को दूर करवाया जा रहा है। लीकेज ठीक कराया जा रहे हैं। लोगों को शुद्ध पानी मिले यही हमारा कर्तव्य है।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

### आनंदी माता मंदिर पर दर्शनों को लगी श्रद्धालुओं की भीड़

## श्रद्धाभाव के साथ मनाया तिल चौथ व्रत पर्व सजाया फूल बंगला, लगाया छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

संकट निवारण की कामना का तिल चौथ व्रत पर्व मंगलवार को जिलेभर में पारंपरिक श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के सुबात कचहरी स्थित आनंदी माता मंदिर पर विशेष कार्यक्रम हुए। मंदिर में सजा फूल बंगला व छप्पन भोग की झांकी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना से दिनभर व्रत रखकर विशेष पूजा अर्चना की। रात्रि में चंद्रमा को अर्घ देने के बाद व्रत खोला गया।

तिल चौथ के मौके पर देवी मां को रिझाने के लिए भक्तों ने तरह-तरह से जतन किए। शहर के सुबात कचहरी स्थित ऐतिहासिक आनंदी माता मंदिर पर भक्तों की विशेष चहल-पहल नजर आई। मंदिर में देवी प्रतिमा का सोना चांदी के आभूषणों से श्रृंगार हुआ। आकर्षक फूल बंगला सजाया गया। शाम ढलने के साथ ही मंदिर पर दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं ने पहुंचना शुरू कर दिया। आनंदी माता की महाआरती के समय समूचा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। आरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद पाने के लिए महिला-पुरुष और बच्चों में होड़ लग गई। उधर घरों में भी तिल चौथ के अवसर पर गृहिणियों ने लड्डू-बाटी, पुआ-पकौड़ी आदि परंपरागत पकवान बनाए। शाम को परंपरा के अनुसार व्रत रखने वाले भक्तों ने संकट निवारण के लिए घरों में चौथ माता व गणेश जी का पूजन किया। रात गहराने के साथ ही चंद्रमा के उदय होने का लोगों को बेसब्री से इंतजार था। जैसे ही आकाश में चंद्रदेव नजर आए, तो भक्तों ने चंद्रदेव को अर्घ देकर सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थनाएं की। तिल चौथ के अवसर पर शहर के आनंदी माता मंदिर, श्रीहजोरश्वर मंदिर स्थित संतोषी माता मंदिर, खुलखुली माता मंदिर सुबह और शाम को पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा है। इसके अलावा कई श्रद्धालु राजस्थान के रामगढ़ और चौथ का बरवाडा आदि स्थानों पर मातारानी के दर्शन करने पहुंचे।



## अटल सेवा केन्द्रों की शुरुआत, पंचायत स्तर पर ही मिलेगा सेवाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले की ग्राम पंचायतों में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अटल सेवा केन्द्रों की शुरूआत की गई है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन में जिले की कई ग्राम पंचायतों में अटल सेवा केंद्र (सीएससी) स्थापित गये है। जिनके माध्यम से विभिन्न जनसेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को आसानी से उपलब्ध हो सकेंगा। इसके लिए उन्हें दूर दराज कस्बा शहर नही जाना पडेगा।

ई-गर्वेनेस प्रबंधक धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि दाऊदपुर, जलालपुरा, तलावदा, सोंठवा, हिरनीखेड़ा, मोरेका, जवासा, कुन्हाजापुर, श्यामपुर, सुनवई, सारंगपुर, रघुनाथपुर, पुरा, मालीपुरा, नगदी, मखनाखेड़ली, जानपुरा, मेवाड़ा, किशनपुरा, धिरोली, प्रेमसर, गोपालपुरा, अडवाड़, छोटाखेड़ा, बड़ाकलां, बागदरी, सलमान्या, बनवाडा, बलावनी, खिरखिरी, अलापुरा, ज्वालापुर, आसीदा, सोइकलां, उपचा, अरोद, इकलोद, पार्वती बडौदा सहित अन्य पंचायतों में अटल सेवा केन्द्र शुरू किये गये है। इनके माध्यम से ग्रामीण समग्र आईडी से संबंधित सभी कार्य, आय, मूलनिवासी एवं जाति प्रमाण पत्र, पैन कार्ड एवं पेंशन सेवाएं, फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, ई-श्रम एवं संबल कार्ड, आधार कार्ड से संबंधित सेवाएं, बैंक खाता, पासपोर्ट व यात्रा टिकट, वाहन बीमा, टेली-लॉ (हाईकोर्ट के वकीलों से निःशुल्क कानूनी सलाह), कोर्ट से संबंधित कार्य, ई-केवायसी एवं आदि सभी सरकारी ऑनलाइन सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

## कब्रिस्तान की भूमि से जुड़े मामले में कब्रिस्तान कमेटी के तीन लोगों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पाली रोड स्थित कब्रिस्तान की भूमि से जुड़े एक विवाद में कब्रिस्तान विकास कमेटी से संबंधित तीन लोगों मिर्जा असलम बेग, डॉ शहजाद खान और अकील मोहम्मद की प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट परवेज आलम की अदालत ने जमानत खारिज करते हुए तीनों को जेल भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था जहां आरोपियों के वकील ने जमानत के लिए आवेदन दिया था लेकिन अदालत ने जमानत स्वीकार करने के बजाए आवेदन खारिज कर दिया जिसके बाद पुलिस तीनों को जेल ले गई।

विगत दिनों पाली रोड स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर मकान बनाकर अतिक्रमण करने के मामले में मुस्लिम समाज के तीन लोग मिर्जा असलम बेग, डॉ शहजाद खान एवं अकील मोहम्मद पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। सभी आरोपियों के कब्रिस्तान विकास समिति से जुड़े होने ओर मामला कब्रिस्तान से जुड़ा होने के कारण शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसपी को ज्ञापन सौंपा था लेकिन पुलिस ने तीनों को ही आरोपी बनाकर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां अदालत ने उनका आवेदन खारिज कर दिया चूंकि जमानत अदालत उठने के ठीक पहले खारिज हुआ था इसलिए आरोपियों के वकील ऊपरी अदालत में जमानत अर्जी भी दाखिल नहीं कर सके और आरोपियों को जेल भेज दिया गया।



## नामजद आरोपियों ने दो भाईयों को पीटा,केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के भोई मोहल्ले में बीती रात को तीन नामजद आरोपियों ने एक राय होकर दो भाईयों की मारपीट कर दी। जिससे दोनों भाई जख्मी हो गए। पुलिस ने मारपीट करने वाले तीनो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि भोई मोहल्ला निवासी नेमीचंद शिवहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सोमवार की रात जब अपने घर के बाहर खडा था,तभी वहां पहुंचे मेरे ही मोहल्ले के रोहित बाथम, गोविंदा और पिंटा रेगर ने एक राय होकर थापघूसों से मेरी मारपीट कर दी। झगड़े की आवात सुनकर जब मेरा भाई सोनू बचाने के लिए आया तो तीनों ने उसकी भी मारपीट कर डाली। जिसकारण यह दोनो जख्मी हो गए। इस मामले में नेमीनंद की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## पिता पुत्र समेत तीन को एक एक वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के विशेष न्यायालय ने दलित वर्ग के लोगों की मारपीट करने संबंधी मामले में तीन आरोपियों को दोषी मानते हुए एक एक वर्ष के सश्रम कारावास और पांच पांच हजार के जुर्माने की सजा से दंडित किया है। तीनों आरोपी आपस में पिता पुत्र हैं।

इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि करीब ढाई साल पुराना यह मामला रघुनाथपुर थाना क्षेत्र का है। जहां 10 अप्रैल 2023 को जमीन संबंधी बात को लेकर वीरपुर थाना क्षेत्र स्थित इमरतपुरा की झोपडी निवासी हरपाल रावत तथा उसके दो पुत्रों वकील रावत और भमर रावत ने दलित परिवार के लोगों की जातीय अपमान करते हुए लाठियों से मारपीट कर दी थी। इस मामले में विशेष न्यायालय ने हरपाल रावत, वकील रावत, भमर सिंह रावत को एक एक वर्ष के सश्रम कारावास और पांच पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी।

## विवादित गाने का वीडियो वायरल, स्कूल संचालक और शिक्षिका पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोढर कस्बे के एक निजी स्कूल में देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने संबंधित एक विवादित गाना सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में हिंदूवादी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने ढोढर थाने पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और इस मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की। ढोढर थाना पुलिस ने इस मामले में निजी स्कूल के संचालक बृजमोहन मौर्य तथा शिकारगाह के सरकारी प्राथमिक स्कूल में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका मीना मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

बता दें कि इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो ढोढर में संचालित अशासकीय ग्लोबल विजन स्कूल का लग रहा है। जिसमें इसी स्कूल के संचालक बृजमोहन मौर्य एक विवादित गाना गाते दिख रहे हैं, जिसे उनकी पत्नी मीना मौर्य जो कि शिकारगाह के प्राथमिक स्कूल में सरकारी प्राथमिक शिक्षक है दोहराती नजर आ रही हैं। इस वायरल वीडियो को लेकर हिंदूवादी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने ढोढर थाने में पहुंचकर नारेबाजी करते हुए आवेदन सौंपा है, जिसमें उक्त वायरल गाने को आपत्तिजनक बताते हुए इससे हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों की भावनाएं आहत होने की बात कही है। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि इस मामले में संचालक बृजमोहन मौर्य तथा शिक्षिका मीना मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

#### इधर डीईओ ने भी जारी किया नोटिस

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर निजी स्कूल संचालक और सरकारी प्राथमिक शिक्षक मीना मोर्य को नोटिस जारी किया है। डीईओ एमएल गर्ग ने बताया कि नोटिसों का जबाव समय सीमा में मांगा गया है।समय सीमा में जबाव ने देने तथा जबाव संतोषप्रद न होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण का समापन

## रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराएंः आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

परम्परागत व्यवसाय से संबंधित कौशल विकास उन्नयन के प्रशिक्षण अधिक से अधिक आयोजित किए जाएं तथा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को शासन की विभिन्न रोजगारमूलक योजनाओं में ऋण प्रदान कर उन्हें वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाए। यह बात जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने कही। वे मंगलवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में एनआरएलएम के सहयोग से संचालित 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित रही थी। इस अवसर पर प्रशिक्षक मनीष प्रजापति, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, निदेशक आरसेटी गोडफ्रे लाकरा, प्रमोद राय डीएम स्किल एसआरएलएम, पंकज कानवा फैकल्टी,दीपक शर्मा फैकल्टी, लेखराज सिंह,ब्रजेश गौड़ व आरसेटी स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी 34 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। इस प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा आरसेटी में आवास, प्रशिक्षण कक्ष, भेजन व्यवस्था का अवलोकन किया गया तथा प्रशिक्षणार्थियो से संवाद कर प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई।



## नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया, उपहार भेंट किए

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास परियोजना विजयपुर कार्यालय पर नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया तथा उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास रिशु कुमार सुमन, सब इंजीनियर एनएचएम दिव्या भारसकर देशमुख, प्रभारी परियोजना अधिकारी विजयपुर अरूणा जादौन एवं सुपरवाइजर प्रेमलता नामदेव उपस्थित रहे।

बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना के तहत लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से बेटी के जन्म पर उत्सव मनाने की सकारात्माक पहल के तहत नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया तथा बालिका मनु माता अंजू कुशवाह, बालिका नियति कुशवाह माता पूजा कुशवाहा बालिका मानवी तिवारी माता कृष्णा तिवारी, बालिका दिव्यांशी बंसल माता शिखा बंसल, बालिका दिव्या गुप्ता माता आशा गुप्ता बालिका शिवांशी गोयल माता रेनू गोयल, बालिका शानवी सोनी माता शिवानी बालिका तृषा कुशवाहा माता हसीना, बालिका आध्या बुंदेला माता रूबी आदि नवजात बालिकाओ के उपयोग हेतु बेबी किट, मच्छरदानी व अन्य उपहार भेंट किए गए।




### जनसुनवाई में समस्या लेकर पहुंचे 136 लोगों की जिला पंचायत सीईओ ने सुनी फरियाद

# जनसुनवाई में नहीं आए आठ विभागों के अफसर नाराज हुईं जिपं सीईओ ने जारी किए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आठ विभागों के अफसरों के अनुपस्थित रहने से जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद इतनी नाराज हो गई हैं कि उन्होंने आठों विभागीय अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए जनसुनवाई में उपस्थित न होने के संबंध में स्पष्टीकरण मांग लिया है। दरअसल इस मंगलवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा की जगह पर उनके निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान 136 लोगों ने जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी अपनी परेशानियां बताई। जनसुनवाई में एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

जिला पंचायत सीईओ ने सभी लोगों की समस्याओ को सुनते हुए उनका समाधान कराए जाने का भरोसा दिलाया है। साथही कुछ हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिपं सीईओ तब नाराज हो गई,जब उन्हें जनसुनवाई में आठ विभागों के अधिकारी अनुपस्थित दिखे। इस पर जिपं सीईओ ने कडी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि जब सभी विभागों के अधिकारियों को लोगों की परेशानियों का समाधान करने के लिए जनसुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देश है तो फिर आठ विभागों के अधिकारी बिना कोई सूचना के जनसुनवाई में क्यों उपस्थित नहीं हुए है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने अनुपस्थित 8 विभागों के अधिकारियों को नोटिस जारी कर दिया है। जिनमें डीएमओ सतेन्द्र सिंह, एनएच से ज्ञानवर्धन मिश्रा, एमपीआरडीसी प्रबंधक सुनील पुआरे, हाउसिंग बोर्ड से एमडी अवस्थी, मंडी सेकेट्ररी राजेश साकेत, प्रभारी जिला पंजीयक दुष्यंत दीक्षित, प्राचार्य महाविद्यालय डॉ ओपी शर्मा, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंह सिकरवार एवं डीपीएम एनआरएलएम एसके मुदगल शामिल है।



#### काशीराम को मिलेगा संबल का लाभ

श्योपुर के बडौदा रोड निवासी काशीराम बैरवा ने जनसुनवाई में पहुंचकर जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद को आवेदन देकर अवगत कराया कि उसकी पत्नि स्व. ममता बाई की सामान्य मृत्यु पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत मिलने वाली अनुग्रह सहायता राशि अभी तक भी नहीं मिल पाई है। इस दौरान जिपं सीईओ ने उक्त आवेदन का निराकरण करते हुए अवगत कराया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की राशि का ईपीओ जारी हो गया है, शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी।

#### नायब तहसीलदार को दिए आदेश का अमल कराने के निर्देश

जनसुनवाई में पहुंचे रघुनाथपुर निवासी संदीप शर्मा ने आवेदन देकर जिला पंचायत सीईओ को अवगत कराया कि उसके द्वारा रघुनाथपुर में 3300 वर्गफीट भूमि रजिस्ट्री के माध्यम से क्रय की गई थी, विक्रय पत्र उपरांत राजस्व न्यायालय से नामांतरण भी कराया था, लेकिन लिपिकीय त्रुटिवश उक्त सर्वे नंबर पर क्रेता अर्थात उसका नाम विलोपित हो गया था, इसके बाद नायब तहसीलदार रघुनाथपुर के यहां प्रस्तुत आवेदन पर उसका नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करने का आदेश पारित किया गया, लेकिन संबंधित पटवारी द्वारा अभी तक उसके नाम की दुरूस्ती नही की गई है, इस संबंध में वह कई बार आवेदन प्रस्तुत कर चुका है। इस मामले में जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने तत्काल दूरभाष पर नायब तहसीलदार रघुनाथपुर को निर्देश दिये गये कि संबंधित पटवारी से आदेश का अमल कराया जाए।

## खबर संक्षेप

### दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम ओडिला निवासी चंदाबाई केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति शिवचरण केवट और ससुर रूपसिंह केवटने दहेज की मांग को लेकर उसे शाररिक और मानसिंक रूप से प्रताड़ति किया और जान से मारने की धमकी दी।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत सेहराई निवासी अनुराधा पुत्री प्रकाश तिवारी उम्र 24 साल की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### मंदिर की दानपेटी तोड़कर रुपए चुराए

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत पुजारी प्रशांत गिरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नक्की वाले हनुमान मंदिर के बाहर लगे दान पात्र की पेटी का ताला तोडकर दानपात्र में रखे 2 हजार रूपए कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक



**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की अध्यक्षता में सोमवार को जिले में पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम जनमन योजना अंतर्गत संबंधित विभागों के कार्यो की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत चयनित ग्रामों में आवश्यक अधोसंरचना की उपलब्धता एवं पीवीटीजी हितग्राहियों के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने की सुखद संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि चयनित ग्रामों में प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को शौचालय, पक्का घर, स्वच्छ पेयजल, सड़क, बिजली,स्कूल एवं स्कूल में संयोजित छात्रावास, युवक युवतियों को व्यावसायिक शिक्षा/कौशल साक्षरता, बहुउद्देशीय केन्द्र एवं चलित चिकित्सीय वाहन, आंगनवाडी- पोषण वाटिका, लोगों के आजीविका में सुधार, दूर संचार सुविधा का प्रसार, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निःशुल्क राशन, उज्जवला योजनान्तर्गत एलपीजी कनेक्शन आदि का लाभ दिया जाए।

### अहिरवार समाज संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक संपन्न



**शाढ़ौरा।** अहिरवार समाज संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष श्री रवि मोहने के निवास पर किया गया। बैठक का शुभारंभ भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, सर्व समाज के साथ भाईचारा स्थापित करने तथा समाज की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने हेतु आय के नए स्त्रोत उत्पन्न करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन के 10 प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने संघ की विचारधारा पर चलने, सभी धर्मों का सम्मान करने, बुजुर्गों के अनुभवों से मार्गदर्शन प्राप्त कर समाज में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने की शपथ ली। अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष श्री रवि मोहने द्वारा सभी बुजुर्गों एवं पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।

### होमगार्ड सैनिक ने सुनवाई न होने पर आत्महत्या की दी चेतावनी

# होमगार्ड जवान ने प्लाटून कमांडर पर लगाया आरोप, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के होमगार्ड कार्यालय में पदस्थ एक जवान द्वारा वरिष्ठ कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है। होमगार्ड सैनिक निखिल जाटव ने कलेक्टर शिवपुरी को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है तथा जबरन गणतंत्र दिवस परेड में भोपाल भेजने का दबाव बनाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निखिल जाटव निवासी ग्राम नया अमोला तहसील करैरा, वर्तमान में होमगार्ड कार्यालय शिवपुरी में सैनिक पद पर पदस्थ हैं, जिनका बैच क्रमांक 34 है। जवान ने शिकायत में बताया कि वरिष्ठ कर्मचारी पी.सी. राघवेन्द्र हांकरे द्वारा उसे बार-बार मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि पूर्व में 15 अगस्त की परेड में भोपाल भेजे जाने के बावजूद अब पुनः 26 जनवरी की परेड में जाने के लिए दबाव डाला जा रहा है। जवान निखिल का कहना है कि प्लाटून कमांडर राघवेंद्र हांकरे द्वारा मेरे निवेदन के पश्चात दिनांक 3.1.26 को मेरी डीसी न्यू जज कॉलोनी में बना दी थी और जिन सैनिकों की ड्यूटी 26 जनवरी की परेड में लगाई



थी उन सैनिकों से मिलकर सांठ गांठ या लेनदेन करके उनके स्थान पर जबरन मुझे प्रताड़ित करने के उद्देश्य से अचानक से दिनांक 5.1.26 को मेरी डीसी को न्यू जज कॉलोनी से कैंसिल करके 26 जनवरी की परेड ड्यूटी में लगा दी है जबकि मेरे पुत्र अंश जाटव का हाल ही में दाहिना हाथ जल गया है, जिसके इलाज के लिए उसे नियमित रूप से डॉक्टर के पास ले जाना पड़ता है। ऐसे हालात में परेड में भोपाल जाना उसके लिए संभव नहीं है। इसके बावजूद वरिष्ठ कर्मचारी द्वारा जबरन दबाव बनाया जा रहा है और नौकरी से निकालने व विभागीय कार्रवाई की धमकी दी जा रही है। पीड़ित जवान ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषी अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

## जनसुनवाई में गरीब मजदूर ने लगाया पूर्व ग्राम सचिव

करैराः- करैरा तहसील कार्यालय में आज जनसुनवाई के दौरान एक मामला सामने आया। ग्राम पुला, तहसील नरवर के निवासी गरीब मजदूर छोटू बघेल पुत्र सुरज सिंह, मीरा बाई पत्नी रणवीर सिंह रावत तथा कलावाई बघेल ने लिखित आवेदन देकर पूर्व ग्राम पंचायत सीहोर के सचिव राजबहादुर सिंह रावत पर गंभीर आरोप लगाया है। आवेदकों का कहना है कि लगभग एक वर्ष पहले प्रधानमंत्री आवास योजना (कुटीर/पीएम आवास) के नाम पर राजबहादुर सिंह रावत ने उनसे 15,000 रुपये रिश्वत के रूप में वसूले थे। सचिव ने आश्वासन दिया था कि पैसे देने पर आवास मंजूर हो जाएगा और पक्का मकान बन जाएगा, लेकिन आज तक न तो कोई आवास स्वीकृत हुआ और न ही मजदूर परिवार को



उनका पैसा वापस मिला। छोटू बघेल ने बताया कि वे एक गरीब मजदूर हैं, जो रोजाना मेहनत-मजदूरी करके परिवार का पेट पालते हैं। उनका घर अभी भी कच्चा खपरैल का बना हुआ है, जिसमें बारिश-धूप में रहना बेहद मुश्किल है। प्रधानमंत्री आवास योजना उनकी आशा की किरण थी, इसलिए उन्होंने सचिव से संपर्क किया। राजबहादुर सिंह रावत ने स्पष्ट कहा कि बिना 15,000 रुपये दिए आवास नहीं निकलेगा। मजदूरी करके कठिनाई से पैसे जुटाकर छोटू बघेल ने यह राशि सचिव को सौंप दी, लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ। अब जब उन्होंने फोन पर पैसा वापस मांगा तो सचिव ने गालियां दीं और धमकियां दीं कि ह्लपैसे वापस नहीं करूंगा, तू जो करना है कर लेह्न। उन्होंने आगे कहा कि राजबहादुर सिंह रावत वर्तमान में सुनारी पंचायत में पदस्थ हैं। प्रार्थियों ने अनुविभागीय अपील की है कि उनके 15,000 रुपये तुरंत दिलाए जाएं और दोषी सचिव पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में किसी अन्य गरीब के साथ ऐसा अन्याय न हो सके। यह मामला प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में ग्रामीण स्तर पर हो रही रिश्वतखोरी की गंभीर समस्या को उजागर करता है, जहां गरीबों के सपनों से खिलवाड़ किया जा रहा है।

# बीना का समग्र विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताः निर्मला

### विधायक सप्रे ने किया बसाहरी-निवारी एवं बसाहरी-भरछा तिराहा मार्ग का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

विधानसभा क्षेत्र में विधायक निर्मला सप्रे की संकल्प सिद्धि यात्रा के अंतर्गत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए। सोमवार को विधायक ने 2 सड़क का भूमि पूजन किया वही एक सड़क का लोकार्पण भी किया। लोक निर्माण विभाग शासन के अंतर्गत बसाहरीझढांड से निवारी मार्ग लंबाई 2.50 किलोमीटर, लागत 3 करोड़ 7 लाख 40 हजार रुपए एवं बसाहरी से भरछा तिराहा मार्ग लंबाई 6.30 किलोमीटर, अनुमानित लागत 7 करोड़ 35 लाख 72 हजार रुपए के निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन विधायक निर्मला सप्रे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सुरेंद्र ठाकुर, केके अग्रवाल उपस्थित रहे।

### बसाहरी में सीसी रोड का लोकार्पण

इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अधोसंरचना योजना के अंतर्गत ग्राम बसाहरी में संत रविदास मंदिर से ग्राम की ओर सीसी रोड (स्वीकृत राशि 20 लाख रुपए) का लोकार्पण भी विधायक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सप्रे ने कहा जनता से किया गया हर संकल्प पूरा करना ही संकल्प सिद्धि यात्रा का उद्देश्य है तथा बीना विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह राजपूत, संतोष सिंह ठाकुर, रतन यादव, मनोज शर्मा, निवारी सरपंच राजू ठाकुर, बसाहरी सरपंच अमर सिंह, जसवंत सिंह, गौरीशंकर राय, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेन्द्र यादव, बलभद्र बुंदेला, अजय पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## गोचर भूमि मुक्त कराने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बीना।** सागर जिले में गौ माता की गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर हिंदू संगठन के लोगों ने एसडीएम खुरई के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि पूर्व में लगभग 150 से अधिक आवेदन, ज्ञापन एवं सूचनाएँ शासन-प्रशासन को दी जा चुकी हैं, परंतु आज दिनांक तक कोई ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। गोचर भूमि पर अतिक्रमण के कारण गौवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर है, जिससे लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा जनहानि की घटनाएँ सामने आ रही हैं। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पूर्व में की गई शिकायतों की अनदेखी का दुष्परिणाम भी हम सभी के सामने है, जहां गंभीर घटनाएं घटित हुई। हम समस्त हिंदू संगठन एवं गौ सेवक गण पूर्व में भी इस विषय में अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद यदि गोचर भूमि को मुक्त नहीं कराया गया और भविष्य में गौवंश के कारण कोई सड़क दुर्घटना अथवा जनहानि होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। मांग की गई है कि क्षेत्र में गोचर भूमि मुक्त अभियान शीघ्र संचालित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में रामू, किशन, सुधीर कुमार सेन, संदीप जोशी आदि उपस्थित रहे।

### पेयजल की शुद्धता पर विशेष सतर्कता बरती जाएः कलेक्टर

**अशोकनगर।** जिले में नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो इस पर विशेष सतर्कता बरती जाएं। सभी नगरीय क्षेत्रों में पेयजल पाइप लाइन कनेक्शनों की गहन जांच सुनिश्चित की जाएं। कही भी पाइप लाइन की लीकेज, तकनीकी कमियां नही होनी चाहिए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये । बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के नगरीय क्षेत्रों में नगरपालिका तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत पेयजल सप्लाई पर निगरानी रखें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि डी ग्रेड वाले विभाग शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान देकर रेकिंग में सुधार लाएं। उन्होंने समाधान ऑनलाइन विषयों से संबंधित विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विषयों का निराकरण तत्परता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई के लंबित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें।

# थाना करैरा पुलिस ने महिला से अपराध में तुरंत कार्रवाई कर ब्लैकमेल के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

**करैरा।** करैरा में फरियादिया से मित्रता कर उसके पर्शनल फोटो वायरल करने की धमकी देकर 05 लाख रूपये की मांग कर ब्लैकमेल कर रहा था।थाना करैरा पर रिपोर्ट किया कि सम्राट जाटव पिता राजेन्द्र जाटव निवासी-न्यू तहसील के पीछे करैरा से लगभग 01 वर्ष पहले दोस्ती हो गई थी उससे बात चीत होती थी, मेरे और सम्राट के साथ के कुछ फोटो सम्राट के पास थे उन फोटो को लेकर मेरे को फोन करके सम्राट जाटव ने धमकी दिया है कि मुझे 05 लाख रूपये दो नहीं तो मैं तेरे फोटो बायरल करूंगा, अगर तूने पैसे नहीं दिये तो मैं तेरे पति ब बच्चों को खत्म कर दूंगा । रिपोर्ट पर से थाना करैरा पर आरोपी सम्राट जाटव पिता राजेन्द्र जाटव निवासी-न्यू तहसील के पीछे करैरा के विरुध्द अपराध क्रमांक 15/26 धारा 308(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया




गया।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा अपराध की गंभीरता को समझते हुये ब्लैकमेल करने वाले आरोपी के विरुध्द जल्द कार्यवाही कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिये गये । एसडीओपी करैरा डॉ आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिंह छावई एवं उनकी टीम के द्वारा लगातार मुखबिर मामूर कर दविश देकर कार्यवाही की जा रही। दिनांक 06.01.2026 को थाना करैरा पुलिस द्वारा मुखविर सूचना पर से आरोपी सम्राट जाटव पिता राजेन्द्र जाटव निवासी-न्यू तहसील के पीछे करैरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया सराहनीय भूमिका -थाना प्रभारी करैरा निरी. विनोद छावई, उनि अंजली सिहं, आर. संदीप सिंह चौहान, आर. हरेन्द्र सिंह, आर.मत्स्येन्द्र गुर्जर, भूमिका रही है।

### मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी कन्हैया अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिन्टू आर गुल्लू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदम्बा कॉलोनी निवासी सुनील अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मणिराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महू आलमपुर निवासी नारायण सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सटन, भरत अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुगयाना मोहल्ला चन्देरी निवासी नीतू रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मलखान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदवाया निवासी बृजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

# हवेलगढ़ सरकार पर चल रही भागवत कथा के तीसरे सुनाई श्रीकृष्ण जन्म कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

तहसील मुख्यालय से 5 किमी दूर हाथरस गांव में स्थित हंवेलगढ सरकार मंदिर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की शुभारंभ 3 जनवरी को कलश यात्रा के साथ हुआ था। मंगलवार को भागवत कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से आनंदपुरी महाराज द्वारा श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई और बताया गया है कि द्वापर युग में भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मध्यरात्रि में मथुरा कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। वे देवकी और वासुदेव के पुत्र हैं। अत्याचारी राजा कंस के भय से वासुदेव बालक कृष्ण को यमुना पार गोकुल ले गए,जहाँ नंद और यशोदा ने उनका पालन-पोषण किया। श्रीकृष्ण का जन्म धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए हुआ माना जाता है।ऐसे ही हंवेलगढ सरकार मंदिर पर कथा में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ और मंदिर की मंहत शोभाराम भगत जी अपने सिर पर पालने में रखकर लाए और भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कराए गए,भक्तों ने



जमकर भगवान के जन्म होने पर झूमते नजर आए । सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान गृहण किया । 10 जनवरी को भागवत कथा का भंडारा एवं समापन होगा। कथा में मुकेश खटीक पूर्व जनपद अध्यक्ष नरवर,गजेंद्र लोधी,विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष,पत्रकार दुर्ग सिंह सैकडों की संख्या में भक्त उपस्थित थे।

### पुलिस ने पिस्टल व हथियारों के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया, सुपारी देने वाला भी धराया

# उत्तरप्रदेश का शूटर अशोकनगर आया और 5 लाख की हत्या की ली सुपारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर शहर में पहली बार इस तरह का मामला आया है जब अयोध्या से शूटर बुलाकर हत्या की सुपारी दी गई। इस घटनाक्रम में पुलिस ने अयोध्या से आए शूटर कपिल दुबे को गिरफ्तार किया है और साथ में शूटर को सुपारी देने वाले दमदमा ग्राम के संजीव यादव को भी गिरफ्तार किया गया है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि दिनांक 05.01.26 को रात्रि गश्त के दौरान उनि आशुतोष गुप्ता को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि पछाड़ीखेडा के पास कोई बाहरी व्यक्ति कोई गंभीर घटना घटित करने के उददेश्य से हथियार लिये हुए घूम रहा है। उक्त सूचना से तुरंत थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर की सूचना से अवगत कराया गया, जिसके बाद थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा पुलिस अधीक्षक अशोकनगर को अवगत कराया गया।





जिनके द्वारा तुरंत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के पालन में उनि आशुतोष गुप्ता के साथ एक टीम गठित की गई उपरोक्त टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर पछाड़ीखेडा के पास भसुआ मंडी पहुँचे, जहाँ मुखविर के बताये हुलिये का एक संदेही व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कपिल पुत्र दिबाकर दुबे निवासी हरीपुरा जिला अयोध्या (उ.प्र.) बताया जिसने पूछताछ में संजीव यादव हाल निवासी शंकरपुर मगरदा अशोकनगर के द्वारा मुझे एवं जीतू गुप्ता निवासी ललितपुर को पांच लाख रूपये राजकुमार उर्फ जगीरा यादव निवासी लेकसिटी कॉलोनी को जान से मारने की सुपारी देना बताया गया था।

आरोपी के कब्जे से मौके पर एक 7.65 एमएम पिस्टल एवं तीन जिन्दा कारतूस, तीन मोबाइल फोन, टिकिट एवं नगदी जप्त किये गये। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी कपिल दुबे के बताने अनुसार आरोपी संजीव यादव निवासी शंकरपुर मगरदा की तलाश की गयी जिसे मगरदा स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। जिसकी तलासी लेने पर कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा व एक जिंदा राउण्ड जप्त, एक मोबाइल को जप्त किया गया। उपरोक्त दोनों आरोपियों ने पूछताछ पर उपरोक्त हथियार जीतू गुप्ता निवासी ललितपुर द्वारा देना बताया। दोनों आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रं. 08/26, धारा 25,27 आर्म्स एक्ट व 55,61 (2) (ए) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। आरोपी जीतू गुप्ता निवासी ललितपुर की तलाश की जाकर गिरफ्तार किया जावेगा।

### कपिल दुबे अयोध्या का बड़ा गैंगस्टर

आरोपी कपिल दुबे के इतिहास वृत्त की जानकारी प्राप्त करने पर आरोपी का पूर्व में दुर्दांत सार्प शूटर गैंगस्टर अंसू दीक्षित की गैंग का होना बताया एवं डबल मर्डर की फरारी भोपाल में काटते समय उत्तरप्रदेश एसटीएफ एवं भोपाल क्राइमब्रांच पुलिस पर भी उपरोक्त आरोपियों द्वारा जान से मारने की नियत से गोली बारी की गयी थी जिसमें एसटीएफ लखनऊ उत्तरप्रदेश उपनिरीक्षक संदीप मिश्रा एवं भोपाल क्राइम ब्रांच के आरक्षक राघवेन्द्र पाण्डे को गोलियां लगी थी। जिस प्रकरण में आरोपी कपिल दुबे दस साल की सजा काटकर चार महिने पूर्व ही जेल से छूटा था। अशोकनगर शहर में इस तरह से हत्या की सुपारी देना का पहला मामला सामने आया है उत्तरप्रदेश के शूटर अशोकनगर जिले में सक्रिय हो गए हैं।